कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण हुई मतगणना

चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रही पुलिस, प्रेक्षक सहित डीएम व एसपी पल-पल लेते रहे अपडेट

संवाद न्यूज एजेंसी

श्रावस्ती। नगर पालिका परिषद भिनगा व नगर पंचायत इकौना के लिए शनिवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतगणना कराई गई। इस दौरान भिनगा में गल्ला मंडी व इकौना तहसील परिसर पुलिस छावनी में तब्दील रहा। प्रेक्षक सहित डीएम एसपी व अन्य अधिकारी पल पल मतगणना का अपडेट लेते रहे। वहीं शांतिपूर्ण मतगणना संपन्न कराने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस लिया।

नगर पालिका परिषद भिनगा में पड़े मतों क गणना नवीन गल्ला मंडी पटना खरगौरा में कराई गई। इस दौरान बगैर पास किसी भी अधिकारी, कर्मचारी, प्रत्याशी, एजेंट आदि को गल्ला मंडी परिसर में प्रवेश नहीं करने दिया गया। मतगणना स्थल से करीब पांच सौ मीटर दूर शिवालिक महाविद्यालय पर बैरीगेटिंग लगा कर भिनगा बहराइच फोरलेन के एक पटरी पर आवागमन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहा।

यही स्थिति इकौना की भी रही। जहां इकौना तहसील परिसर के मुख्य गेट के अंदर बगैर पास लोगों का आवागमन पूरी तरह से प्रतिबंधित रहा। स्वयं डीएम नेहा प्रकाश, एसपी प्राची सिंह तथा प्रेक्षक व प्रभारी महानिदेशक स्कूली शिक्षा व विशेष सचिव बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश विजय किरन आनंद भिनगा व इकौना का भ्रमण कर मतगणना की पल पल की अपडेट लेते रहे।

नवीन गल्ला मंडी भिनगा में शनिवार को मतगणना के दौरान मौजूद डीएम, एसपी व अन्य। मतगणना के दौरान लिस्ट में नाम देखते कर्मचारी। -संवाद

डीएम व एसपी की मौजूदगी में खोला गया स्ट्रांग रूम का ताला

भिनगा के गल्ला मंडी में सुबह आठ बजे डीएम, एसपी, सीडीओ व एएसपी सहित एडीएम तथा एसडीएम की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम खोला गया। सबसे पहले डाक मत पत्रों की गणना कराई। जिसमें बसपा को दो, निर्दल अजय को दो, भाजपा, सपा व आप को एक एक मत मिला। जबकि वार्ड नंबर आठ के सभासद प्रत्याशी अलखराम यादव, वार्ड चौदह की रीना यादव, पंद्रह के बृजेश कुमार, सत्रह की उजमा, 18 के मोहसीन रजा व मोहम्मद आमिर खां तथा वार्ड नंबर 25 के कृष्ण कुमार को एक एक मत प्राप्त हुआ।

डीएसओ ने संभाली जलपान की जिम्मेदारी : जिला पूर्ति अधिकारी दीपक वार्ष्णेय ने भिनगा के मतगणना स्थल पर अधिकारियों, कर्मचारियों सहित मीडिया कर्मियों के जलपान व भोजन की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। जबकि पेयजल के लिए परिसर में दो वाटर टैंक के साथ ही पर्याप्त मात्रा में वाटर केन व पानी की बोतलों की व्यवस्था की गई थी।